<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–05 नवम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश कैबिनेट ने एफडीआई को लेकर निवेश प्रोत्साहन नीति में बदलाव को दी मंजूरी। रिटायरमेंट बेनिफिट रूल्स में संशोधन समेत सत्ताइस प्रस्ताव हुए पारित।
- प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिये मतदान की तिथि बदली। अब तेरह नवम्बर के बजाय बीस नवम्बर को होगा मतदान।
- प्रशिक्षण के दौरान आगरा में वायुसेना का मिग–29 विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त। पायलट सुरक्षित।
- नहाय खाय के साथ आज से शुरू हो गया महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान। घाटों पर साफ–सफाई समेत सुरक्षा के किये गये हैं कड़े इंतजाम।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल हुई प्रदेश के मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानी एफ़डीआई और फॉर्चून पांच सौ कम्पनी के लिये निवेश प्रोत्साहन नीति दो हजार तेइस में संशोधन को मंजूरी दे दी गयी है। अब ऐसी विदेशी कम्पनियां भी प्रदेश में निवेश कर सकेंगी जो इक्विटी के साथ ऋण या किसी अन्य स्रोत से धनराशि की व्यवस्था करती हैं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि एक नवम्बर दो हजार तेइस को एफडीआई नीति आई थी, इसमें अब संशोधन किया गया है। आरबीआई द्वारा एफडीआई के लिये निर्धारित मानक के अनुसार मात्र इक्विटी में किये गये निवेश को ही एफडीआई में शामिल किया गया था अब नीति में संशोधन कर के इसे फॉरेन कैपिटल इन्वेस्टमेंट का रूप दिया गया है। ऐसे में अब किसी कम्पनी के पास यदि दस प्रतिशत इक्विटी है और उसने नब्बे प्रतिशत निवेश राशि की व्यवस्था दूसरे स्रोतों से कर रखी है तो भी सरकार उन्हें रियायत प्रदान करेंगी।

बैठक में उच्चतर शिक्षा विभाग के लिए उत्तर प्रदेश सहायता प्राप्त महाविद्यालय अध्यापक स्थानांतरण नियमावली–दो हजार चौबीस को भी मंजूरी प्रदान की गयी। इस फैसले के तहत महाविद्यालय में न्यूनतम तैनाती के पांच वर्ष को घटाकर तीन वर्ष किया गया है। इससे हजारों की संख्या में शिक्षकों को उनके निवास स्थान के पास समायोजन मिल सकेगा। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया–

***नई नियमावली इस बार लाई गई है। इसका नाम उत्तर प्रदेश सहायता प्राप्त महाविद्यालय अध्यापक स्थानान्तरण नियमावली 2024 और इसमें कोई खास बदलाव नहीं है। केवल इतना बदलाव हुआ है क्योंकि उत्तर प्रदेश बहुत बड़ा राज्य है और खासतौर से महिलाएं अपने गृह जनपद से बहुत दूर जाती है या विकलांग लोग बहुत दूर जाते हैं तो उनको परेशानी होती है, तो जो पांच वर्ष मिनिमम उस महाविद्यालय में सेवा की आवश्यकता की उसको घटा कर तीन वर्ष कर दिया है। यह इसमें बदलाव है।***

मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनिफिट रूल्स– उन्नीस सौ इकसठ में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया इसके तहत यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु सेवा में रहते हुए अथवा सेवा निवृत्ति के बाद ग्रेच्युटी की धनराशि प्राप्त किए बिना हो जाती है, और उसका कोई वारिस या नॉमिनी नहीं है तो ग्रेच्युटी का भुगतान उस व्यक्ति को किया जा सकता है जिसके पक्ष में किसी न्यायालय द्वारा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किया गया हो।

**********

***यह उत्तर प्रदेश के रिटारमेंट बेनेफिट रूल्स1961 में संशोधन किया गया है। अभी तक यह व्यवस्था थी कि कोई सरकारी कर्मचारी बगेरअपने पीछे रिटायरमेंट के बाद वारिस नहीं छोड़ जाता है। या कोई नामिनी नहीं बनातातो तो उसका पैसा ग्रैच्युटी का सरकार में समाहित हो जाता था। अब व्यवस्ता यह हो गई,आज जो मंत्रिपरिषद में अनुमोदन का यह प्रस्ताव था। अगर कोई व्यक्ति सक्षमन्यायालय से जिस प्रकार की परिस्थितियों में कोई उत्तराधिकार प्रमाण पत्र ले आताहै तो उसको फी पैसा दे दिया जाएगा।***

प्रदेश सरकार निराश्रित और बाल अपचारियों के सुरक्षित और सर्वांगीण विकास के लिये मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के अन्तर्गत दस जिलों में दस नये संरक्षण गृहों का निर्माण और संचालन करेगी। इन संरक्षण गृहों के निर्माण पर सौ करोड़ रूपये खर्च होंगे। प्रथम चरण में वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, अयोध्या, अमेठी, मथुरा, फिरोजाबाद, बस्ती, झांसी और कानपुर देहात में कुल दस नये संरक्षण गृहों का निर्माण और संचालन किया जायेगा।

कैबिनेट के एक अन्य फैसले के मुताबिक अब विदेश या देश के दूसरे राज्यों में चल रहे निजी विश्वविद्यालय आसानी से प्रदेश में अपना परिसर स्थापित कर सकेंगे। अन्य राज्यों में पंजीकृत सोसाइटी और न्याय कम्पनियों को प्रदेश में परिसर स्थापित करने की छूट दी

जायेगीं वहीं, तम्बाकू पान मसाला और गुटखा बनाने वाली कम्पनियों को राज्य जीएसटी में भी अपनी मशीनों का पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण न कराने पर हर मशीन पर एक लाख रूपये का जुर्माना लग सकता है।

**********

भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में नौ सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव की मतदान तिथि को बदल दिया है। आयोग की ओर से जारी नई तिथियों के अनुसार अब इन सीटों पर मतदान तेरह नवम्बर के बजाय बीस नवम्बर को होगा। हालांकि चुनाव के नतीजे तेइस नवंबर को ही आएंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि तेरह नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा और गंगा स्नान होने के कारण कई राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने चुनाव आयोग से तिथि में परिवर्तन की मांग की थी, जिसके बाद तारीख में बदलाव का फैसला किया गया है। प्रदेश में फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां, खैर, मीरापुर, सीसामऊ, कटेहरी, करहल और कुंदरकी विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने चुनाव की तिथि आगे बढ़ाने पर निर्वाचन आयोग का आभार जताया है।

**उत्तर प्रदेश के अंदर जो विधानसभा उपचुनाव हैं उसके लिए मैंने निर्वाचन आयोग भारत सरकार से निवेदन किया था कि जो 13 नवम्बर निर्वाचन का नियत तिथि है उसको परिवर्तन करके बढ़ाया जाए। चूंकि वर्तमान में कार्तिक गंगा स्नान है जो हिदुओं का एक बहुत बड़ा त्योहार है। लोग गंगा स्नान के लिए जाते हैं चार दिन पहले से ब्रज घाट पर। विभिन्न स्थानों पर जाते हैं तो निवेदन यह था कि उसको बढ़ाया जाए। मैं निर्वाचन आयोग का ध्नयवाद करता हूं कि उन्होंने इस की डेट बढ़ा करके 20 तारीख कर दी है जिसके कारण मतदान अधिक होगा।**

**********

भारतीय वायुसेना का एक मिग–29 विमान कल नियमित प्रशिक्षण सत्र के दौरान आगरा के कगारैल क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लड़ाकू विमान ग्वालियर से उड़ा था और उड़ान के कुछ ही मिनटों बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में किसी को चोट नहीं आई। भारतीय वायुसेना ने एक बयान में कहा कि पायलट ने विमान को इस तरह से नियंत्रित किया कि जमीन पर जान–माल को कोई नुकसान न पहुंचे, फिर वह सुरक्षित तरीके से विमान से बाहर निकल गया। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए भारतीय वायुसेना ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

**********

सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरूआत आज **नहाय खाय** के साथ हो रही है। इस पर्व पर महिलाएं संतान के स्वास्थ्य, सफलता और दीर्घायु के लिए 36 घंटे का निर्जला व्रत रहेंगी। छठ को लेकर प्रदेश भर के बाज़ारों में रौनक है। फलों और पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर बाज़ारों में भीड़ उमड़ रही है। घाटों की साफ–सफाई के साथ छठ वेदियों की रंगाई–पुताई का काम लगभग पूरा हो गया है।

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने छठ पर्व से संबंधित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि घाटों, पूजा स्थलों और नदियों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाए। सार्वजनिक जगहों तथा भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग की जाये। छठ पूजा कोलेकर इंडो नेपाल बॉर्डर पर भी सुरक्षा चाक चौबंद की गई है। प्रदेश में जल पुलिस और एनडीआरएफ और एसडीआरएफ को भी मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गये हैं। गोरखपुर के एडीजी रेंज ने बताया कि ऑपरेशन कंवच के तहत सीमा पर ज्वाइंट पेट्रोलिंग की जा रही है। वहीं वाराणसी में कल छठ की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी एस.राजलिंगम ने सभी महत्वपूर्ण घाटों का निरीक्षण किया।

छठ पूजा को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे से होकर दो सौ तिरालिस विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज से विभिन्न स्टेशनों से पच्चीस विशेष रेलगाड़ियॉ चलायी जा रही हैं। इनमें गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ, प्रयागराज, पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सहरसा, इंदौर और तिरुवनंतपुरम के लिए विशेष रेलगाड़ियां शामिल हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिये व्यापक प्रबंध किये गये हैं। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से ट्रेनों में प्रवेश कराया जा रहा है।

**********